RAF SECTOR

NEWS CLIP

31/01/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar (Jamtara, JKD.)

कुंडहित के बागडेहरी में रैफ जवानों ने किया फ्लैग मार्च

कुंडहित. बुधवार को कुंडहित प्रखंड के बागडेहरी थाना क्षेत्र में नक्सली क्षेत्र मुड़ाबेड़िया में जमशेदपुर की 106 बटालियन के रैफ जवानों ने फ्लैग मार्च कर ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की. सहायक समादेष्टा कमांडेंट वीरेंद्र कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि असामाजिक तत्व के लोग क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं. ऐसे लोगों को चिह्नित कर स्थानीय पुलिस को जानकारी देने की बात कही. साथ ही गांव में किसी अनजान को घूमते हुए देखने पर स्थानीय पुलिस को जानकारी देने की बात कही. कहा कि किसी के बहकावे में नहीं आये. गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर रहें. मौके पर बटालियन के निरीक्षक एसके मुंडा, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद मांझी सहित काफी संख्या में रैफ जवान उपस्थित थे.

फ्लैग मार्च करते रैफ के जवान.

Dainik Jagran (Hazaribagh, JKD.)

रैफ जवानों ने किया जागरूकता मार्च

कटकमसांडी के पेलावल ओपी क्षेत्र में जागरूकता मार्च में शामिल रैपीड एक्शन फोर्स के जवान • जागरण

संसू, कटकमसांडी : अमन व शांति व्यवस्था को कायम रखने को लेकर लोगों में जन जागरूकता फैलाने के लिए बुधवार को रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारियों और जवानों ने पेलावल ओपी क्षेत्र में जागरूकता मार्च निकाला। पेलावल से रोमी और इसके बाद गदोखर, बलियंद, पबरा, खुटरा, अलगडीहा, विष्णुपुरी, आजाद नगर तक मार्च कर आम जनता को धर्मनिरपेक्षता का पाठ पढ़ाया। जन जागरूकता को लेकर लोगों में आत्मविश्वास व हर्ष का संचार हुआ। ज्ञातव्य हो कि आरएएफ का यह बल जमशेदपुर टाटा नगर से पांच दिवसीय दौरे में लोगों को जागरूक करने और विश्वास जगाने हजारीबाग आए हैं। इस मौके पर आरएएफ के उप कमांडेंट परशुराम कुण्डा ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स एक धर्मनिरपेक्ष बल है, जो किसी भी धर्म व सम्प्रदाय के लिए समान विचार रखता है। उन्होंने कहा कि आरएएफ का मुख्य मकसद देश के किसी भी क्षेत्र में होने वाले दंगों को रोकना व शांति व्यवस्था कायम करना है। मौके पर उप निरीक्षक निरंजन सिंह, निरीक्षक वृजेश यादव, निरीक्षक तापस जोश, एसआई जानेश्वर राम, एएसआई मो. रूस्तम अली, एएसआई राजेन्द्र प्रसाद सहित तकरीबन एक सौ रैपिड एक्शन फोर्स के जवान शामिल थे।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।